पत्रिका

Share font-inc Image View Text

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

बालिका शिक्षा से दो घर होते हैं रोशन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बज्जू. अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर उपखंड क्षेत्र के राज्य व निजी विद्यालयों में कार्यक्रम हुआ। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामगोपाल शर्मा ने कहा कि बालिका शिक्षा से दो घरों को रोशन करती है। बलिकाओं को शिक्षा, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग दिलाना चाहिए। इस दौरान बज्जू तेजपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य रामचंद्र बिश्नोई ने बताया कि कक्षा 10 की सुमता गोदारा एक दिन की प्रधानाचार्य बनी।

जयमलसर. अन्तराष्ट्रीय बालिका दिवस पर ग्राम भरुखीरा में अवादा फाउंडेशन के चेयरमैन विनीत मित्तल के निर्देश पर संगोष्ठी का आयोजन रखा गया। इस मौके पर विवेक शर्मा ने बालिकाओं को जागरूक कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। फाउंडेशन के डूंगरसिंह राठौड़ ने बालिकाओं से जीवन की हर प्रतियोगिता में हिस्सा लेना, अपने सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास जारी रखते हुए कार्यानुभव प्राप्त करते रहने की अपील की। कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि बालिकाओं के जागरूक होने से समाज का का जाग्रत होना तय है।

भरुखीरा में बालिकाओं को जागरूक करते तथा बज्जू के तेजपुरा स्कूल में प्रधानाचार्य बनी बालिका।

बेटियों का सम्मान

नोखा. अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय समारोह में नोखा ब्लॉक की 15 बेटियों का सम्मान किया गया। 12वीं बोर्ड परीक्षा के श्रेष्ठ परिणाम में कुचोर आथुनी की भगवती गोदारा, दसवीं बोर्ड परीक्षा की टॉपर काकड़ा की ममता, सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन में गट्ठानी स्कूल की डोली चौधरी, माध्यमिक खेलकूद प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर चाचा नेहरु स्कूल की खुशबू बिश्नोई, प्रारंभिक शिक्षा खेलकूद प्रतियोगिता में महात्मा गांधी स्कूल जोरावरपुरा की हर्षिता दैया, आत्मरक्षा प्रशिक्षण में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर रोड़ा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गार्गी मंच में सुथारों का बास की जानवी को सम्मानित किया गया। विषय वार मॉडल प्रदर्शन में मोरखाना की प्रियंका, नोखा की चंद्रकला सहित सलूंडिया, बीकासर की छात्राओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। इस अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता में नोखा की डोली चौधरी प्रथम रही। सीबीईओ माया बजाड़ ने सम्मानित हुई बेटियों को शुभकामनाएं दी। यह कार्यक्रम आईजीएनपी विद्यालय बीकानेर में हुआ। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक गजानंद सेवक ने बेटियों को पुरस्कृत किया।

बज्जू. अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर समग्र शिक्षा बीकानेर की ओर से जिला स्तरीय कार्यक्रम में बुधवार को बज्जू ब्लॉक की नौ बालिकाओं को सम्मानित किया गया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामगोपाल शर्मा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की प्रतिभावान बालिकाओं का कार्यक्रम रखा गया इसमें विभिन्न वर्गों में बालिकाओं को सम्मानित किया गया। बज्जू ब्लॉक की 9 बलिकाओं को राउमावि इंदिरा गांधी नहर कॉलोनी बीकानेर में जिलास्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। बज्जू ब्लॉक से दल प्रभारी के रूप में वरिष्ठ अध्यापक रामचंद्र डूडी मौजूद रहे।

अवादा फाउंडेशन के बैनर तले ग्राम भरुखीरा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस धूमधाम से मनाया

कलम ए राजस्थान

बीकानेर। अन्तराष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम के तहत ग्राम भरुखीरा में अवादा फाउंडेशन के बैनर तले चेयरमैन विनीत मित्तल के निर्देशों पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन रखा गया। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर विवेक शर्मा के विस्तृत जानकारी देते हुए बालिकाओं को जागरूक होते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। अवादा फाउंडेशन के डूंगरसिंह राठौड़ ने बालिकाओं से जीवन की हर प्रतियोगिता में हिस्सा लेना, अपने सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास जारी रखते हुए कार्यानुभव प्राप्त करते रहने की अपील की। कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि बालिकाएं बेहद संवेदनशील होती है जीवन में घटित होने वाली घटनाओं को नजदीक से समझकर उनके समाधान में जुट जाती है, बालिकाओं के जागरूक होने से समाज का का जाग्रत होना तय है। ग्राम भरुखीरा में अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सैंकड़ों की तादाद में बालिकाओ एवं महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई।